मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांक: 08 जून 2018

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	09/06/18	10/06/18	11/06/18	12/06/18	13/06/18
वर्षा (मि.मी.)	0	0	2	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	42	41	41	42	43
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	30	29	28	29	29
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	2	3	5	2	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	68	69	75	71	72
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	13	12	15	11	12
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	8	12	12	11	10
हवा की दिशा	दक्षिण–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम	दक्षिण–दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

फसल	अवस्था	सलाह
मिर्च	नर्सरी में बुवाई	मिर्च की फसल के लिए नर्सरी तैयार करें। हरीपुर–रायपुर, पंजाब लाल, पूसा सदाबहार, एन.पी–46 ए, पूसा ज्वाला, मथानिया लोंग, पन्त सी–1 व आर सी एच–1 उन्नत किस्मों के बीज की बुवाई करें। एक हैक्टेयर की फसल के लिए एक से डेढ किलो बीज की नर्सरी में बुवाई करे। बीज को बुवाई से पूर्व 3 ग्राम केप्टान से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।
मूंगफली		मूंगफली की फसल में रासायनिक तरीके से खरपतवार नियंत्रण हेतु 1 किलो ग्राम पेंडीमिथालीन का प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई के 2–3 दिन बाद छिडकाव करें।
वर्षा कालीन भिण्डी	बुवाई	वर्षा कालीन भिण्डी की बुवाई के लिए खेत मे 3–4 बार जुताई कर पाटा लगाकर तैयार करें। अपराजिता, शक्ति, अर्का अनामिका, वर्षा उपहार व परभनी क्रांति उन्नत किस्मों के बीजों की बुवाई करें। बुवाई करते समय कतार से कतार की दूरी 60 सेमी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 45 सेमी. रखें। बुवाई हेतु 12 किलो बीज प्रति हैक्टेयर की दर से प्रयोग में लें। बुवाई के समय 30 किलो नत्रजन, 30 किलो फास्फोरस व 30 किलो पोटास प्रति हैक्टेयर की दर से दें।

(नौडल ऑफीसर)